अध्यक्षीय कार्यालय :
SARITA DAGA
45-46, Gem Enclave, Pradhan Marg,
Malviya Nagar, Jaipur-302017
Mob.: 9413339841
Email: president@abtmm.org

# नारीलोक

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का मासिक मुखपत्र

दिसम्बर, 2023 अंक 305

## अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल सत्र 2023-2025 राष्ट्रीय कार्यसमिति की प्रथम मीटिंग एवं प्रशिक्षण कार्यशाला

23-24-25 नवम्बर, 2023, नन्दनवन, मुम्बई



अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल सत्र 2023-2025 की प्रथम कार्यसमिति मीटिंग एवं दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आगाज **परमपूज्य गुरुदेव आचार्य श्री महाश्रमणजी** के मंगल आशीर्वाद एवं गुरुदेव से मंगल पाठ श्रवण के साथ हुआ। तत्पश्चात उपस्थित सभी बहनों ने **साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी** के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** की अध्यक्षता में प्रथम मीटिंग की पूर्व संध्या पर परिचय सत्र रखा गया। साध्वी प्रमुखा विश्रुतविभा जी के मुखारविंद से महामंत्रोचार का श्रवण कर राष्ट्रीय महामंत्री **श्रीमती नीतू ओस्तवाल** ने सभी कार्यसमिति सदस्यों का परिचय दिया।

### प्रथम दिवस :

सत्र की शुरुआत से पूर्व प्रातः सभी कार्यसमिति सदस्यों ने सामूहिक गुरु वंदना कर मंगलपाठ का श्रवण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** के स्वागत उद्बोधन द्वारा सत्र का शुभारम्भ हुआ। सभी बहनों का अभिनन्दन करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि हम बहनें सभी क्षेत्रों से ज्यादा से ज्यादा सम्पर्क करें, नये सदस्यों को साथ जोड़ें, वार्तालाप में मृदुता एवं विनम्रता रहे। **साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी** ने मंगल पाथेय में फरमाया कि सभी सदस्यों में समर्पण भाव से दायित्व निर्वहन की भावना हो, अहम् भाव को छोड़ते हुए विनम्रता के साथ मंडल के हर सदस्य के प्रति मधुरता का व्यवहार रखें। सब बहनों की





कार्यक्षमता को पहचानते हुए उनकी प्रतिभा को उपयोग में लेने का प्रयास करें एवं खुशहाल टीम का निर्माण करें। वर्तमान परिपेक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कन्याओं को संस्कारी बनाना बहुत जरूरी है, संस्कार सुदृढ़ हो तो वह संस्कारों को सुरक्षित रखेगी। सभी सदस्य अर्हता की ओर ध्यान दें तथा आध्यात्मिक विकास की ओर निरंतर अग्रसर रहें। स्वस्थ परिवार व स्वस्थ समाज से संबंधित कार्यों को गति देते हुए सुखद भविष्य का निर्माण करने का प्रयास करें। सत्र 2023-2025 के Vision को **राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा** एवं Mission-2030 से संबंधित योजना के बारे में जानकारी **ट्रस्टी श्रीमती सूरज बरड़िया** ने दी।

**हमारी संस्था - हमारा दायित्व** विषय का बोध कराते हुए **साध्वी श्री वीरप्रभाजी** ने फरमाया कि संगठन के सभी सदस्यों का उनकी रुचि के अनुसार प्रशिक्षण हो तथा प्रत्येक सदस्य को भी यह जानना होगा कि जिस तरह परिवार का सहयोग उनकी ताकत होती है, उसी तरह हर सदस्य टीम की ताकत होते हैं। माला के मोती की तरह सभी सदस्य एकता अक्षुण्ण बनाए रखें। हम सभी का एक ही लक्ष्य मुखरित हो **संघ की जीत हो।**

नवमनोनीत **ट्रस्ट बोर्ड की मीटिंग चीफ ट्रस्टी श्रीमती पुष्पा बैंगानी** की अध्यक्षता में विविध बिंदुओं पर चिंतन-मंथन के साथ सम्पन्न हुई।

**गौरवशाली अतीत अब तक की यात्रा** विषय को रा.का.स. **श्रीमती पुष्पा बैद** ने विस्तारपूर्वक सबके साथ साझा किया।

## द्वितीय सत्र

दोपहर प्रथम कार्यसमिति मीटिंग से पूर्व **परम श्रद्धास्पद आचार्य प्रवर** से मंगल आशीर्वचन प्राप्त किया। पूज्य गुरुदेव ने फरमाया कि **अ.भा.ते.म.म.** महिला समाज के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाली संस्था है। आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के अंतर्गत चल रहे **तत्व ज्ञान, तेरापंथ दर्शन, जैन स्कॉलर, तेरापंथ प्रचेता** जैसे सभी पाठ्यक्रम आध्यात्मिक विकास के अच्छे उपक्रम है, निरन्तर इसमें संख्या वृद्धि का प्रयास करें। **कन्यामंडल के भावी जीवन की दिशा किस रूप में आगे बढ़े?** ऐसे कार्यक्रमों पर ध्यान केन्द्रित करना अति आवश्यक है। **पूज्य प्रवर** ने रा.का.स. सदस्यों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। **प्रथम कार्यसमिति मीटिंग** का शुभारम्भ चीफ ट्रस्टी **श्रीमती पुष्पा बैंगानी** द्वारा नवकार मंत्र के उच्चारण से हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महामंत्री ने नवमनोनीत पदाधिकारी एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्यों का बैच लगाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्रीमती सरिता डागा** ने स्वागत वक्तव्य से सभी का स्वागत किया। राष्ट्रीय महामंत्री **श्रीमती नीतू ओस्तवाल** ने गत मीटिंग के मिनिट्स का वाचन किया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्रीमती तरुणा बोहरा** ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। सभी सदस्यों को विभिन्न कार्यक्रमों का दायित्व आवंटन किया गया। रोहिणी के नवीनीकरण एवं आचार्य तुलसी स्मारक के संदर्भ में चर्चा की गई। आचार्य महाश्रमण दीक्षा कल्याण महोत्सव की रूपरेखा, चारों राष्ट्रीय योजनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं अन्य भावी प्रोजेक्ट्स पर चर्चा हुई। सुझाव एवं जिज्ञासा समाधान के बाद धन्यवाद ज्ञापन के साथ मीटिंग की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

## तृतीय सत्र :

**साध्वी श्री प्रबुद्धयशाजी** ने फरमाया कि सदस्यों के जीवन व्यवहार में संस्कारों की झलक हो तथा स्वाध्याय चेतना महत्वपूर्ण उपक्रम होना चाहिए।

**शासन श्री साध्वी श्री जिनप्रभाजी** ने केन्द्रीय मंडल प्रतिनिधि बहनों की अर्हता से संबंधित अपने सारगर्भित विचार रखें। साध्वी श्री जी ने अपने मंगल उद्बोधन में फरमाया की कार्यसमिति सदस्यों के लिए आचार संहिताओं का एक प्रारूप होना चाहिए ताकि उनका श्रावकत्व मुखरित हो सके। **साध्वी श्री शुभ्रयशाजी** ने **कैसे बदले जीवन धारा** विषय पर अपने सारगर्भित विचारों से सबको लाभान्वित किया।

शेष पृष्ठ 5 पर

# अध्यक्षीय आह्वान

**दिव्य दिवाकर, प्रखर प्रभाकर, पुण्याई के प्रबल धाम,**
**तुम कामधेनु हो, कल्पवृक्ष या युग प्रधान इस युग के राम।**
**अष्टसिद्धि, नवनिधि के दाता, महाश्रमण है तेरा नाम,**
**तेरापंथ के अनुशास्ता, युग करता है तुम्हें प्रणाम॥**

भगवान ऋषभ से लेकर भगवान महावीर तक की सम्पूर्ण **तीर्थंकर परम्परा** को मेरा श्रद्धासिक्त वंदन और मेरा वंदन है तीर्थंकर के प्रतिनिधि, तेरापंथ के अनुशास्ता और हमारी अनन्त आस्था के केन्द्र परम वंदनीय **युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमणजी** के चरण कमलों में। प्रबुद्धता, गहनता और सरस्वती स्वरूपा **श्रद्धेय साध्वी प्रमुखाश्री विश्रुतविभाजी** को सादर वंदना। **श्रद्धेय मुख्य मुनि प्रवर, श्रद्धेय साध्वीवर्याजी,** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की आध्यात्मिक पर्यवेक्षक, शासन गौरव **साध्वी श्री कल्पलताजी** एवं समस्त चारित्रात्माओं को सभक्ति वंदन।

नारी शक्ति की प्रतिनिधि मेरी प्रिय बहनों एवं सम्मानित श्रावक–श्राविका परिवार को मेरा सादर जयजिनेन्द्र।

8 अक्टूबर, 2023 नन्दनवन, मुम्बई का वह दृश्य मेरी आँखों के सामने साक्षात परिलक्षित हो रहा है, जब परम पूज्य आचार्य प्रवर के मंगल आशीर्वाद के साथ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का दायित्व मैंने स्वीकार किया। वह पल, वह क्षण और वह अवसर मेरे जीवन का अनमोल और अप्रतिम पल था। अध्यक्षीय दायित्व तो महज एक व्यवस्था है लेकिन मेरे लिए वह पल अप्रतिम इसलिए था क्योंकि परम श्रद्धेय गुरुदेव ने मुक्त हाथों से अपनी कृपा और अनुकंपा की बरसात हमारे मंडल पर की और लगभग 1 बजे तक अपना सान्निध्य हमें प्रदान करवाया। इसकी पुनरावृत्ति हमारी कार्यसमिति की प्रथम मीटिंग में भी हुई जब परम श्रद्धेय गुरुदेव ने अपने अमृत आशीर्वचन के साथ–साथ कार्यसमिति की सभी बहनों की जिज्ञासाओं का समाधान करवाने के साथ–साथ लम्बा सान्निध्य भी प्रदान करवाया। गुरुदेव आपका यह कृपाभाव और आशीर्वाद सदैव नारी शक्ति पर बना रहे।

दायित्व ग्रहण के उन क्षणों में मुझे नील आर्मस्ट्रॉंग के वे शब्द याद आ रहे थे जो कि उन्होंने चन्द्रमा पर पहला कदम रखते हुए कहा था– यह मानव का एक छोटा सा कदम है लेकिन मानवता के लिए एक लम्बी छलांग है। मैं भी दायित्व ग्रहण के उन क्षणों में सोच रही थी कि मेरे और मेरी टीम के लिए भले ही यह एक छोटा सा कदम है लेकिन सभी बहिनों के कदम एकसाथ लक्ष्य की तरफ चले तो एक लाख कदमों की पदचाप मंडल को निश्चित ही नई ऊंचाइयों की ओर ले जाएगी। बहिनों, हमारी लगभग 450 शाखाएं और लगभग 50,000 सदस्याएं हैं। अगर सभी बहिनों के एक लाख हाथ एक साथ किसी कार्य में लग जाए तो बहिनों, क्या वह कार्य कभी अधूरा रह सकता है? **बहिनों,** मैं अत्यन्त सौभाग्यशाली हूँ कि आराध्य की कृपा साध्वी प्रमुखाश्री जी के मार्गदर्शन के साथ–साथ देशभर में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाती हुई सभी बहिनों का स्नेह और सहयोग तथा बड़ों का आशीर्वाद मिला है। अब मेरा दायित्व है कि मैं शतगुणित ऊर्जा के साथ दायित्व निर्वहन में लगूं। मैंने करणीय कार्यों की प्रारम्भिक रूपरेखा भी तैयार की है जिसको हमने **संस्कार सेतु** शब्द के अंतर्गत व्याख्यायित किया है, जिसकी रूपरेखा इसी अंक में प्रस्तुत है। बस इतना कहना चाहूंगी कि प्रकृति ने हमें संस्कारों और आपस में connect होने– सेतु बनने की अपूर्व क्षमता प्रदान की है। हमें इस शब्द की सार्थकता बनाए रखनी है।

**प्रिय बहिनों!** मैं तो अपने आप को अत्यन्त सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे दो साध्वी प्रमुखाओं का वात्सल्य और मार्गदर्शन मिला, मिल रहा है। श्रद्धेय शासनमाता असाधारण साध्वी प्रमुखा श्री कनकप्रभाजी के चरणों में बैठकर बहुत कुछ सीखने, आत्मसात करने का मौका मिला। मंडल से जुड़कर दायित्व से आबद्ध होकर कर्मक्षेत्र में उतरने के लिए आपका वात्सल्य भरा प्रेरक प्रोत्साहन सदैव मेरे मानस पटल पर अंकित रहेगा।

अब तक की सभी 15 अध्यक्षाओं ने शासनमाता की सन्निधि में अपना कार्यकाल प्रारम्भ किया। वर्तमान साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी की सन्निधि में प्रथम अध्यक्षीय दायित्व ग्रहण करने का सौभाग्य मुझे मिला। परमपूज्य गुरुदेव ने तो अपने मुखारबिंद से फरमाकर इसे ऐतिहासिक बना दिया कि अब तक की **15 अध्यक्ष** साध्वी प्रमुखा श्री कनकप्रभाजी की कह सकते हैं और साध्वी प्रमुखा विश्रुतविभाजी की **प्रथम अध्यक्ष** अब बनी है। **बहिनों,** श्रद्धेय साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी के सान्निध्य में अभी तक बहुत कम बैठने का अवसर मिला है लेकिन आपका विजन, आपका चिंतन, सुनियोजित कार्य करने की शैली और आपका सुचिंतित मार्गदर्शन पाकर हम अपने आप को सौभाग्यशाली मानती हैं। इस अवसर पर मंडल की आध्यात्मिक प्रभारी, शासन गौरव साध्वीश्री कल्पलताजी द्वारा मिले प्रोत्साहन और मार्गदर्शन के लिए उनके प्रति भी कृतज्ञता ज्ञापित करती हूँ। आपका पथ दर्शन हमें निरंतर मिलता रहे।

**परम श्रद्धेय गणाधिपति गुरुदेव तुलसी** के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किए बिना मेरी बात अधूरी रहेगी। गुरुदेव ने नारी समाज के लिए एक सपना देखा, अनेक झंझावतों की परवाह किए बिना महिला मंडल रूपी संगठन का पौधा रोपा वह अब पल्लवित होकर वटवृक्ष का रूप ले चुका है। हम अपने मंडल को पूज्य गुरुदेव के सपनों की ऊंचाई तक ले जा सकें तो यह गुरुदेव श्री तुलसी को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। हमारे पूर्व अध्यक्षों और हजारों–हजारों बहिनों ने अपने चिंतन और श्रम की बूंदों से इसे सींचा है। बहिनों हमें तो अब यह संकल्प लेना है कि हम अपनी पूरी निष्ठा, शक्ति के साथ इस विकास यात्रा को आगे– और आगे– बहुत आगे तक ले जाएंगे। शुभ भविष्य है सामने... आराध्य के चरणों में पुनः–पुनः वंदन।

**शुभाकांक्षी**

**सरिता डागा**

## अपनी बात

नया अध्यक्षीय कार्यकाल संस्था के लिए नये वर्ष की शुरुआत है। नया वर्ष हमेशा नई उम्मीदें लेकर आता है। नया जोश-उत्साह, नई संकल्पना और उम्मीद एक बेहतर कल की। सुन्दर और उज्ज्वल भविष्य की! यह भविष्य है सद्संस्कारों और सुसंस्कृति की पुनर्स्थापना का! बेटी की सुरक्षा और संवर्धन हो या बुढ़ापे की चितसमाधि, परिवार निर्माण और पोषण में प्रमुख भूमिका महिला की रही है। बेहतर कल की उम्मीद भी उस महिला के लिए है जो भीतर और बाहरी परिवेश, दोनों भूमिकाओं में संतुलन कैसे बनाये? अपने व्यक्तित्व को निखारते हुए स्वस्थ-सुखी परिवार का निर्माण कैसे करे?परिवार की धुरी कहलाने वाली नारी वास्तव में राष्ट्र निर्माण की धुरी बने, ऐसी ही प्रेरणा व मार्गदर्शन पूज्यवरों से प्राप्त कर 450 मंडलों की 50,000 बहिनों के संतुलित विकास की नयी उम्मीद लेकर आया है व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता डागा का दो वर्षीय अध्यक्षकाल परिवार में सद्संस्कारों की रोशनी फैलाते हुए नये शिखरों पर आरोहण करें, यही मंगलकामना!

**पुष्पा बैंगानी**
**चीफ ट्रस्टी**

---

**हो चुकी है पीर पर्वत सी पिघलनी चाहिए,**
**इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए,**
**मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में ही सही,**
**हो कहीं भी आग लेकिन आग जलनी चाहिए॥**

सृष्टि की प्रगति को प्राणप्रण से अर्पित आधी दुनिया की प्रतिनिधि बहिनों को नमन।

कुछ तो बात है हमारे हाथों की लकीरों में कि हमें मिला पुण्य प्रतापी, वैक्षव शासन का साया और मिली देव रूप जगतवंध्य आचार्य श्री महाश्रमणजी की दिव्य छाया। शासनमाता के चिर संजोये हुए सपनों को, इन्द्रधनुषी बनाने के हमारे इरादों को, अपना स्नेहिल आशीर्वाद प्रदान कराती साध्वीप्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी की सृजनशीलता को नमन। नया दौर, नवीन नेतृत्व, नव्य चिंतन का अनुगामी होकर हम चले अतीत के उजालों में अभिष्णात होते हुए आलोकित पथ के भावी पीढ़ी की देहरी पर एक नया सूरज उगाने की शपथ लिए।

हमें क्या मिला, इससे परे अब इस पर विचार करें कि हमसे धर्मसंघ को क्या मिला? सुबह की उनिंदी आँखों के खुलने से रात को नींद की गोद में समा जाने तक हमारा स्वयं से बस एक ही वादा हो- Do the best and leave the rest.

हृदय की अनन्त गहराइयों से आभार ज्ञापित करती हूँ सम्माननीय अध्यक्षा श्रीमती सरिताजी डागा का कि आपने मुझे अपने नेतृत्व में महामंत्री पद का दायित्व प्रदान किया। मेरा यह विश्वास स्वीकार करें कि केसरिया शक्ति के प्रगति प्रतिमान सरजने में मैं हर क्षण आपके नेतृत्व को आसमानी ऊंचाई देने में अपने पुरुषार्थ को सदा निष्काम आयाम देती रहूंगी।

**नीतू ओस्तवाल**
**महामंत्री**

---

**अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल - ...हमारा गौरव ...हमारी जिम्मेदारी।**

कोई भी संस्था का कोष उसकी रीढ़ की हड्डी होती है और इस शालीन संस्था के कोष को संभालने का दायित्व मुझे दिया गया है, राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रति आभार। पूरी कोशिश रहेगी, complete transparency के साथ timely accounts को प्रस्तुत कर सकूं। साथ ही पूज्यवरों की कृपा आशीर्वाद से संस्था के कोष को और सुदृढ़ बनाएं। कहते हैं, In A Team... Together Everyone Achieves More... तो आओ हम सब मिलकर हमारी संस्था को गुरु इंगित की आराधना करते हुए आचार्य तुलसी के सपनों को साकार करने की कोशिश करें। शासन माता को नमन कर साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी के संकल्पों को पूरा करने की कोशिश करें।

आओ बहनों, मंडल पर्यवेक्षक शासन गौरव साध्वी श्री कल्पलताजी के श्रम के आगे नतमस्तक होते हुए उनके मार्गदर्शन से मंडल को, हर कन्या को, हर महिला को सशक्त बनाएं।

**CA तरुणा बोहरा**
**कोषाध्यक्ष**

---

**हमारी कन्याएं : हमारी धरोहर**

प्यारी कन्याओं,

पूज्यवरों की असीम अनुकम्पा से व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सरिता जी डागा के विश्वास से मुझे आपके साथ जुड़कर संघ सेवा का यह महनीय अवसर मिला है। तेरापंथ धर्म संघ की गौरवशाली संस्था है- अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल और उससे जुड़ा है हमारा सशक्त-शालीन कन्या मंडल। जिसकी हर कन्या UNIQUE है।

U - UNIQUE, N - NOURISHING, I - INDIVIDUAL, Q - QUINTESSENTIAL, U - UNSTOPPABLE, E - EFFERVESCENT

सदा व्योम का द्वार खुला है, पंख खोज लो उड़ने वालों।

हमारी कन्याएं न सिर्फ हमारी धरोहर है, वरन हमारी संस्कृति का सुनहरा भविष्य भी है। प्रत्येक कन्या क्रांति व कांति का पर्याय है। अतः हमें संगीत शुरू करना है नवनिर्माण का, संस्कारों के संरक्षण एवं सुदृढ़ीकरण का, संस्कृति की सुरक्षा का और शक्ति के संवर्धन का।

पूज्यवरों द्वारा प्रदत्त मंगल आशीर्वाद और आपके स्नेहानुबंध से मैं इस जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ निभा सकूंगी, ऐसा मुझे विश्वास है। स्नेहिल शुभकामनाओं सहित -

आपकी दीदी,
**अदिति सेखानी**











शेषांश पृष्ठ 2

**न्यूनतमवाद** के सिद्धांत को महत्वपूर्ण बताते हुए जीवन में अपनाने के लिए कहा। कृतज्ञता के भाव जीवन में हमेशा समाहित होने चाहिए तथा साध्वीश्री ने श्वास् प्रेक्षा का प्रयोग भी करवाया।

## द्वितीय दिवस :

**हमारा मंडल-हमारा दायित्व** विषय पर **साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुतविभाजी** ने मंगल उद्बोधन देते हुए फरमाया कि **मंडल मेरा-मैं मंडल की** यह आदर्श वाक्य हमेशा हमारे सम्मुख रहना चाहिए। कार्यकारिणी सदस्यों की अर्हताओं को विस्तार से समझाते हुए समय प्रबंधन एवं अनुशासन के महत्व को भी समझाया। संघीय रीति-नीति के प्रति सजगता के भाव हमेशा होने चाहिए तथा आडंबर प्रदर्शन से दूर रहते हुए सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप जीवनशैली अपनाएं। दैनिक जीवन में त्याग की भावना जागृत हो एवं नियमित स्वाध्याय करने की भी प्रेरणा दी। आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना के बारे में ट्रस्टी सहनिदेशिका, जैन स्कॉलर **श्रीमती कनक बरमेचा** एवं चीफ ट्रस्टी योजना निदेशिका **श्रीमती पुष्पा बैंगानी** ने योजना के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। **साध्वीवर्या श्री संबुद्धयशा जी ने कैसे बनाएं संगठन को सुदृढ़** विषय पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन से जुड़ा हर व्यक्ति, स्वतंत्र शब्द है, शब्द शक्तिशाली तब बनता है जब उसमें कुछ क्वालिटी यानी conjunction जुड़ जाता है। आपसी बातचीत में पारदर्शिता होनी चाहिए। प्रतिभावान संगठन मजबूत होता है, अतः प्रत्येक सदस्य को **तेरापंथ के मौलिक सिद्धांतों** से परिचित होना चाहिए। अकाउंट्स की वैधानिक जानकारी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष **श्रीमती तरुणा बोहरा** ने दी। मंडल के संविधान की जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष **श्रीमती सुमन नाहटा** ने दी। संगठन यात्राओं की जानकारी संगठन मंत्री **श्रीमती रमन पटावरी** ने तथा कन्या मंडल से संबंधित आगामी कार्यक्रमों की जानकारी कन्यामंडल संयोजिका **श्रीमती अदिति सेखानी** और सह-संयोजिका **श्रीमती सोनम बागरेचा** ने दी। सभी सत्रों का कुशल संचालन **श्रीमती नीतू ओस्तवाल, श्रीमती जयश्री जोगड़, श्रीमती अनिता बरड़िया, श्रीमती संगीता चपलोत, श्रीमती विजयलक्ष्मी भूरा, श्रीमती मधु कटारिया एवं श्रीमती संगीता बाफना** ने किया। सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्यों ने सभी साधु साध्वियों की दर्शन सेवा का लाभ लिया। दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला एवं प्रथम कार्यसमिति मीटिंग नए जोश एवं नए विश्वास के साथ सम्पन्न हुई।

इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला एवं प्रथम राष्ट्रीय कार्यसमिति मीटिंग की व्यवस्थाओं में तेरापंथ महिला मंडल, मुम्बई की पूरी टीम का सहयोग मिला एवं भोजन आतिथ्य भी मुम्बई मंडल का रहा। आयोजन व्यवस्थाओं में अभातेमम की कोषाध्यक्ष श्रीमती तरुणा बोहरा एवं रा.का.स. सदस्य श्रीमती निर्मला चिंडालिया, श्रीमती संगीता चपलोत, श्रीमती अलका मेहता आदि बहनों का श्रम भी मुखर रहा। अभातेमम की सम्माननीय संरक्षिका श्रीमती प्रकाश बाई तातेड़, परामर्शक श्रीमती विमला बाई नाहटा तथा श्रीमती प्रेम बाई सिसोदिया का मार्गदर्शन भी साथ रहा।















# एकलठाणा सूची - क्रमशः... नवम्बर 2023
## शाखा मंडल एवं कन्या मंडल

| दिनांक | शाखा | कुल संख्या | कन्या मंडल | दिनांक | शाखा | कुल संख्या | कन्या मंडल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01.11.2023 | जबलपुर महिला मंडल | 170 | | 16.11.2023 | साउथ हावड़ा | 101 | 7 |
| 01.11.2023 | ईचलकरणजी | 71 | 3 | 16.11.2023 | रिसड़ा | 11 | |
| 01.11.2023 | दौलतगढ़ | 12 | | 17.11.2023 | जमशेदपुर | 7 | |
| 02.11.2023 | धुबड़ी | 30 | 3 | 18.11.2023 | बुरहानपुर | 23 | 3 |
| 02.11.2023 | जसोल | 225 | 30 | 18.11.2023 | गदग | 18 | 6 |
| 03.11.2023 | सिलीगुढ़ी | 208 | 11 | 19.11.2023 | रावलिया कलां | 11 | 1 |
| 04.11.2023 | कटिहार | 29 | | 20.11.2023 | तारानगर | 7 | |
| 04.11.2023 | बीरगंज | 41 | 3 | 20.11.2023 | रायगंज | 6 | |
| 04.11.2023 | पेटलावद | 25 | 2 | 21.11.2023 | धोइंदा | 5 | |
| 04.11.2023 | गुलाबबाग | 101 | 10 | 21.11.2023 | भुसावल | 68 | 1 |
| 05.11.2023 | सूरत सिटी लाइट | 778 | 30 | 22.11.2023 | विराटनगर | 68 | 3 |
| 05.11.2023 | कालू | 125 | 15 | 22.11.2023 | अकोला | 9 | |
| 05.11.2023 | धूलिया | 27 | | 22.11.2023 | कानपुर | 21 | |
| 06.11.2023 | ठाणे सिटी | 313 | 8 | 23.11.2023 | राजाजी का करेड़ा | 5 | |
| 07.11.2023 | फॉरबिसगंज | 72 | 7 | 24.11.2023 | इंदौर | 55 | |
| 07.11.2023 | सुनाम | 25 | 3 | 25.11.2023 | हनुमंतनगर, बैंगलूरू | 6 | |
| 07.11.2023 | राजाजी नगर बैंगलूरू | 41 | 5 | 25.11.2023 | हैदराबाद | 85 | 6 |
| 08.11.2023 | विजयनगर बैंगलूरू | 155 | 3 | 26.11.2023 | रतलाम | 7 | 1 |
| 09.11.2023 | चैन्नई | 604 | | 26.11.2023 | तिरुपुर | 96 | 6 |
| 10.11.2023 | हिंदमोटर | 25 | | 26.11.2023 | राजनन्दगाँव | 31 | 2 |
| 11.11.2023 | बोराज | 6 | | 26.11.2023 | हसन | 3 | |
| 12.11.2023 | केजीएफ | 5 | | 26.11.2023 | शिरपुर | 5 | |
| 12.11.2023 | टोहाणा | 11 | | 27.11.2023 | ढेकियाजुली | 4 | |
| 13.11.2023 | पर्वत पाटिया | 81 | 16 | 28.11.2023 | जलगांव | 63 | |
| 14.11.2023 | मैसूर | 50 | | 28.11.2023 | टिटिलागढ़ | 10 | |
| 15.11.2023 | राशमी | 15 | 1 | 29.11.2023 | नोखा | 108 | 5 |
| 15.11.2023 | गुवाहाटी | 108 | 11 | 30.11.2023 | नीमच | 15 | |

# Vision 2023-25

## संस्कार सेतु
## SANSKAR SETU



**S** स्वस्थ परिवार - स्वस्थ समाज

**A** आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना

**N** नारी स्वावलम्बन महिला स्वरोजगार केन्द्र

**S** समृद्ध राष्ट्र योजना

**K** कन्या सुरक्षा परियोजना

**A** आराधना आराध्य की- महाश्रमणोस्तु मंगलम् (दीक्षा कल्याण अमृत महोत्सव वर्ष)

**R** रमण करे आध्यात्म में

**S** संगठन सशक्तिकरण (Connect Door to Door)

**E** Environment

**T** Transformation

**U** उपासना का अनुपम अवसर

### प्रकृति द्वारा प्रदत्त नारी की दो प्रमुख विशेषतायें :

**पहली संस्कार** और **दूसरी सेतु** को लक्ष्य कर इस सत्र के करणीय कार्यों का ताना-बाना इन्हीं दो शब्दों के इर्द-गिर्द बुना है। संस्कार और सेतु शब्दों के English यानि रोमन लिपि के प्रथम Letters SANSKAR SETU को लक्षित कर हमने अपने Vision और Mission को 11 बिन्दुओं के माध्यम से निर्धारित किया है। ये कार्यक्रम हमारे 11वें अनुशास्ता को समर्पित है। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की चार स्थायी प्रवृतियां भी इसी में समाहित है। इसके साथ ही इस सत्र में दो मुख्य अवसर भी हमें प्राप्त हो रहे हैं :-

01. इस वर्ष परम पूज्य आचार्य प्रवर की दीक्षा के 50वें वर्ष का दीक्षा कल्याण अमृत महोत्सव का अनुपम अवसर।

02. अगले वर्ष अ.भा.ते.म.मं. का 50वां वर्ष यानि स्वर्ण जयंती का अवसर।

# स्वस्थ परिवार - स्वस्थ समाज
## Healthy Family : Healthy Society

1. **स्वस्थ परिवार**

(A) **सामंजस्य परिवार में (Harmony waves)**
- ( I) आपसी सम्बन्ध (Inter relation skills)
- (ii) हर रिश्ता कुछ कहता है (Each relation demands a little)
- (iii) पौध को सींचे (Good parenting) स्वर्णिम भविष्य को समय दें (Time to golden future)
- (iv) विरासत का सम्मान (Relationship with parents )
- (v) नवयुवती सम्मेलन

(B) **चलो सेतु बनायें - Become a Bridge**
- ( i) Connect to Youth.
- (ii) Connect to Society.
- (iii) Connect to Mandal.
- (iv) Connect to Sangh.

(C) **Tools (संसाधन)**
- ( i) Activities
- (ii) Social Media group
- (iii) Programmes / Conferences : Online / Offline.

2. **स्वस्थ समाज**

(A) **कार्यशाला (Workshop)**
- ( i) संवारें रिश्तों को (सामाजिक सौहार्द के मंत्र)
- (ii) सधार्मिक दायित्व (Responsibilities for society)
- (iii) संस्था एवं समाज में समरसता (Healthy atmosphere in society)

(B) **निरामय, पहला सुख निरोगी काया (Wellness : Well being)**
- (I) Gyno and Cancer camp.
- (ii) Child counseling.
- (iii) Ortho and Physiotherapy.
- (iv) Consult to Dietician.
- (v) प्राकृतिक चिकित्सा (Neturopathy)
- (vi) चित्त समाधि (For Seniors).
- (vii) आचार्य महाश्रमण फिजियोथैरेपी सेंटर सार-संभाल

# आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना
## Transform your Life

(A) **Spiritual (आध्यात्मिक)**
- ( i)तत्व प्रचेता और तत्वविज्ञ जैन दर्शन में रुचि रखने वाले व्यक्तियों से सम्पर्क कर कोर्स से जोड़ना।
- (ii)जैन स्कॉलर कोर्स (वेबसाइट बनाना एवं युवा पीढ़ी को जोड़ना)।
- (iii)तत्व प्रचेताओं को तत्व विज्ञ कोर्स के लिए प्रेरित करना
- (iv) तेरापंथ दर्शन कोर्स के लिए अधिकाधिक संख्या में लोगों को जोड़ना।
- (v) तत्व सम्बोध

(B) **Educational (शैक्षणिक)**
- ( i)युवतियों एवं कन्याओं के लिए सर्टिफिकेट कोर्स।
- (ii)Residential Course (आवासीय) तैयार करवाना।
- (iii)Vocational Course (व्यावसायिक) तैयार करना।

( C) **Online Portal**
- ( I) Quiz Competition.
- (ii)14 नियम

# नारी स्वावलम्बन (कला अभ्युदय)
## (Self Satisfaction)

**स्वाभिमान से स्वावलम्बन तक**

(i) कन्या अभ्युदय योजना।
(ii) स्वरोजगार केन्द्रों की स्थापना।
(iii) स्वरोजगार केन्द्रों हेतु स्थानीय मंडलों को प्रोत्साहन।

# समृद्ध राष्ट्र परियोजना
## We & our Nation

(A)
(i) एक कदम स्वच्छ भारत की ओर (Plastic Recycling)
(ii) अन्त्योदय - Project for under Privileged (Hold them at bottom step)
(iii) एक बूंद एक सागर – जल संरक्षण
(iv) Smart Board & Projector.
(v) Dustbin Distribution

(B) **बौद्धिक खुराक**
(I) Online Pledge.
(ii) Wellness to child (50 स्कूलों को गोद)
(iii) आओ खुशियां बांटें (जरूरतमंद बच्चों को सहयोग)
(iv) उड़ान (सुनहरा भविष्य)

# कन्या सुरक्षा योजना
## (Motivate your mind)

(A) **आचार्य महाश्रमण कन्या सुरक्षा सर्किल**

(B) **संस्कार सुरक्षा का कवच है।**

कन्याओं को संस्कारित करने का सघन कार्यक्रम :

**(i) शक्ति :**
(I) Financial well being
(ii) Social : Logging etc.
(iii) Emotional

**(ii) संस्कार :**
(I) I, You, We
(ii) Family & Society
(iii) Self satisfaction

**(iii) सुरक्षा :**
(I) Self Defence
(ii) Cyber Security
(iii) Medical

(C) Intensive Training Programme for Selective Girls.

(D) 18 पाप का Video

(E) Spritiual Enhancement Programme

# आराधना आराध्य की
# महाश्रमणोस्तु मंगलम्
# (महाश्रमण दीक्षा कल्याण महोत्सव)

1. **भेंट तप की :** दीक्षा कल्याण महोत्सव तक

| | |
|---|---|
| (i) 5 दशक | 05 मास खमण |
| (ii) 50 वर्ष | 50 अठाई एक साथ |
| (iii) 600 मास | 600 तेला एक साथ |
| (iv) 2600 सप्ताह | 2600 उपवास एक साथ |
| (v) 18250 दिन | 18250 एकलठाणा |
| (vi) 18250 दिन | एक दिन में 18250 सामायिक (मई 2024) |
| (vii) 438000 घंटा | एक दिन में 438000 माला 'ॐ श्री महाश्रमणोत्सु नमः' (मई 2024) |

2. आचार्य महाश्रमण जीवन दर्शन पर 5 वृहद आंचलिक कार्यशालाएं एवं क्षेत्रीय/स्थानीय 50 कार्यशालाएं
   कार्यशालाएं आधार संदर्भ
   (i) अहिंसा यात्रा
   (ii) अनुशासना
   (iii) साहित्य
   (iv) जनसम्पर्क
   (v) अनासक्त चेतना
3. आचार्य महाश्रमण साहित्य स्वाध्याय/साहित्यकारों द्वारा समीक्षा एवं प्रतियोगितायें।
4. आचार्य महाश्रमण पर स्वरचित काव्य रचनाओं पर प्रतियोगिता/प्रचार।
5. 50 सरकारी स्कूलों को गोद लेकर उत्थान करना।
6. Poster making Competition for TKM.

# रमण करें अध्यात्म में
## (Know how Sprituality)

**अध्यात्म/उपासना** Online/Offline Training.
(i) चौबीसी एवं तात्विक गीतों का पुनरावर्तन
(ii) Digital Detox
(iii) प्रत्याखान Recipe
(iv) सोलह सतियां
(v) पक्खी प्रतिक्रमण
(vi) तुलसी वाङ्मय/महाप्रज्ञ वाङ्मय स्वाध्याय
(vii) आयम्बिल

## संगठन – Connect Door to Door
## (Proud to be Mandal Member)

(i) प्रत्येक परिवार से सम्पर्क कर मंडल से जोड़ना।
(ii) कन्याओं को कन्या मंडल से जोड़ना।
(iii) महिलाओं एवं कन्याओं की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन।
(iv) आचार–विचार एवं संस्कार की जानकारी Conference

## Environment (Conservation)

(I) Recycle of Plastic
(ii) Reverse vending machine for bottles (Auto recycle)
(iii) U.V. Rays वाले चश्मे For Garbage Collection
(iv) Dustbin distribution.

## Transform yourself

**(A) Empower yourself/Self Development**
**Let's begin with self**

(i) Public speaking
(ii) Self confidence
(iii) Etiquete
(iv) Express Gratitude
(v) Writing skills Essay

## उपासना का अनुपम अवसर
## (सेवा साधना)

**भावना चौका**

(I) सेवार्थी मंडल को साध्वी प्रमुखा श्री जी एवं साध्वी वर्या जी आदि से आध्यात्मिक मार्गदर्शन।
(ii) साप्ताहिक पाठ्यक्रम प्रशिक्षण।
(iii) गोचरी विधि एवं सचित अचित की जानकारी।
(iv) सुपात्र दान का महत्व

### शाखा मंडलों हेतु आवश्यक निर्देश

अभातेमम महिला शक्ति का एक गौरवशाली, अनुशासित एवं मर्यादित संगठन है। हमारा यह दायित्व बनता है कि संगठन की गरिमा को सुदृढ़ता प्रदान करते हुए हम प्रत्येक आध्यात्मिक एवं सामाजिक गतिविधि को सादगी एवं संयम से संपादित करें। इस हेतु शाखा मंडलों के लिए कुछ आवश्यक बिन्दु निर्दिष्ट किए जा रहे हैं, जिसकी अनुपालना पूर्णतया अपेक्षित है :

- मंडल के कार्यक्रम में जमीकन्द का उपयोग एवं रात्रि भोजन पूर्णतया निषेध। भोजन में 13 द्रव्यों की सीमा निर्धारित है।
- महिला मंडल एवं कन्या मंडल द्वारा किसी भी संस्था के कार्यक्रम (Physical/Virtual) में कोई भी प्रकार का नृत्य सर्वथा निषेध है।
- मंडल द्वारा संपादित किसी भी आध्यात्मिक या सामाजिक कार्य में Single Use Plastic जैसे प्लास्टिक की थैली, Disposable Items एवं Plastic Bottles का उपयोग सर्वथा निषेध है।
- Flex/Synthetic Banner भी प्लास्टिक का ही एक रूप है। अतः मंडल के कार्यक्रमों में Flex Banner का न्यूनतम उपयोग होना चाहिए। अपेक्षित है कि मंडल का एक बैनर ही समस्त कार्यक्रमों में use किया जाए।
- मंडल के कार्यक्रम में महिलाओं/कन्याओं द्वारा गणवेश में ही प्रस्तुति हो।
- कन्या मंडल की सदस्यों को किसी भी कार्यक्रम में प्रस्तुति देने से पूर्व स्थानीय महिला मंडल अध्यक्ष/प्रभारी से अनुमति लेनी आवश्यक है।
- मंडल के तत्वावधान में Tarot, Fashion Show, Dance Show, Zumba आदि कार्यक्रमों का आयोजन सर्वथा निषेध है।

# करणीय कार्य
# तेरापंथ कन्या मंडल

### रचनात्मक लेखन एवं रेखांकन प्रतियोगिता

दिसम्बर का महीना हमें गत वर्ष के सिंहावलोकन के लिए उद्बोधित करता है तो नववर्ष के स्वागत में नये लक्ष्यों व संकल्पों को दृढ़ता के साथ पूर्ण करते हुए सफलता की ओर से अग्रसर होने की प्रेरणा भी देता है।

- आइए, लक्ष्य की तलाश नहीं, **''तैयारी करें।''**
- कन्याओं के विविध गुणों में सृजनशीलता, रचनाधर्मिता उनके विशिष्ट गुण हैं। उनकी अपनी नैसर्गिक प्रतिभा है।
- कला स्पर्श–सृजनात्मक लेखन एवं रेखांकन प्रतियोगिता में आप प्रतिभागी बनें और अपने पारिवारिक रोल मॉडल का चयन कर अपने इस कलात्मक पक्ष को उजागर करें।
- विषय– **'पारिवारिक रोल मॉडल'', ''प्रतियोगिता से संबंधित दिशानिर्देश''।**




1. **शब्द सीमा :** विषय प्रस्तुति 150–200 शब्द।
2. **भाषा :** अंग्रेजी या हिंदी यह गद्य और पद्य कोई भी विधा में हो सकता है।
3. **सोच :** आपकी प्रस्तुति सकारात्मकता और प्रेरणा को प्रतिध्वनित करती हो।
4. **हस्तलिखित और रचनात्मक :** सुनिश्चित करें कि आपकी लेखनी न केवल हस्तलिखित है बल्कि इसे रचनात्मक रूप से प्रस्तुत भी किया गया है (ड्राइंग को शामिल किया जा सकता है) जो इसे देखने में आकर्षक और समझने में आसान और मूल्यांकन का आधार बनायेगा।
5. **सबमिशन :** स्क्रीनशॉट लें और मेल के माध्यम से सबमिट करें।
6. **इलिजिलिबिटी :** कन्या मंडल की कन्याएं ही इस प्रतियोगिता में भाग ले सकती हैं।
7. **जिज्ञासाओं के लिए :** सम्पर्क सूत्र – श्रद्धा लूंकड़ (रायपुर) 7020703957, Abtkm2023@gmail.com
8. **जमा करने की अंतिम तिथि :** 24 दिसम्बर, 2023.
9. आपके क्षेत्र से सर्वश्रेष्ठ 3 प्रविष्टियों को abtkm को प्रेषित की जाये।
10. **विजेताओं की घोषणा :** 15 जनवरी, 2024

अपनी रचनात्मकता को उजागर करने और अपने रोल मॉडल के प्रति अपने भावों को समर्पित करने के लिए तैयार हो जाइए। सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं।

**कन्या मंडल प्रभारी**
**अदिति सेखानी**
Mob.: 9909024763,
aditisekhani@gmail.com

**कन्या मंडल सह प्रभारी**
**सोनम बागरेचा**
Mob.: 9007911111
sonam.saraogi@gmail.com

---

- तीर्थंकर भगवान महावीर के निर्वाणोत्सव पर 84 क्षेत्रों में 3050 कन्याओं द्वारा **णमो समणस्स भगवओ महावीरस्स** मालाओं का जप हुआ। संयोजिका द्वय सुश्री दृष्टि जैन एवं जागृति चौरडिया का उल्लेखनीय श्रम रहा।
- **Power of signature**– graphologist Rupi Jain एक Webinar online के इस कार्यक्रम में 283 कन्याओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

# तेरापंथ महिला मंडल
